# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 सितम्बर 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रदेश के लोकायुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। लखनऊ में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री ने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका और सूचना पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जन विश्वास पर खरा उतरना लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी होती है।

***हमें याद रखना होगा लोकतंत्र की जो सबसे बड़ी ताकत है वह किसी भी संवैधानिक संस्था में एक सामान्य नागरिक का विश्वास, जिस संस्था ने आमजन के विश्वास पर जो खरा उतरेगी लोकतंत्र में उस संस्था को आगे बढ़ने से और उस संस्था के महत्व को कोई कम नहीं करके आंक सकता है।***

**********

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शिरकत करने भारत आईं युगांडा की उप राष्ट्रपति जेसिका रोज एपेल अलुपो आज आगरा दौरे पर पहुंचीं। वहां उन्होंने ताजमहल का दीदार किया और डायना बेंच पर फोटो सेशन भी कराया। एक रिपोर्ट–

***युगांडा की उप राष्ट्रपति के आगरा पहुंचने पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच युगांडा की उपराष्ट्रपति ताजमहल परिसर पहुंची जहां उन्होंने स्मारक की खूबसूरती को निहारा और डायना बेंच पर फोटो सेशन भी कराया। इस दौरान गाइड ने उप राष्ट्रपति को ताजमहल के इतिहास, स्थापत्य कला और संगमरमर पर की गई बारीक पच्चीकारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सज्जन सागर, आकाशवाणी समाचार, आगरा।***

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सत्रह सितंबर से शुरू हो रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत उनकी कर्मभूमि वाराणसी से लेकर उनकी जन्मभूमि वडनगर तक की 'सेवा यात्रा' निकाली जाएगी। यह जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी ने आज वाराणसी में पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के फ्लैग ऑफ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित देश व प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

**********

आज गणेश चतुर्थी और कजरी तीज का पर्व विशेष उत्साह के वातावरण में मनाया जा रहा है।

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पर अपने शुभकामना संदेश में भगवान गणेश से राज्य की सुख–समृद्धि की कामना की है। इस अवसर पर आज से ही लखनऊ के झूलेलाल वाटिका पर भव्य गणेश उत्सव की शुरुआत हो रही है। वहां यह उत्सव पचीस सितंबर तक चलेगा। अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में आज प्रथम पूज्य गणेश जी के मन्दिर में भी विशेष पूजा अर्चना की गयी। पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज ही कजरी तीज पर्व भी मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रख कर शिव–पार्वती की पूजा अर्चना कर रही हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

श्रावस्ती जिले के पांडव कालीन ऐतिहासिक विभूति नाथ मंदिर में कजरी तीज पर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वहां सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ भगवान शिव का जलाभिषेक कर रही है। अयोध्या के शिव मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ भगवान शिव की पूजा अर्चना कर रही है।

**********

देशभर में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। वर्ष उन्नीस सौ उन्चास में आज के ही दिन संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को देश की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था।

**हिन्दी दिवस वो दिन है जब हम यह सिर्फ एक भाषा का उत्सव नहीं मनाते बल्कि उस भाव को नमन करते हैं जो हमें शब्दों के माध्यम से एकदृदूसरे से जोड़ता है। वाणी के केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि हमारे संस्कारों की भी पहचान है। हिन्दी ने सदियों से भावनाओं को शब्द दिए है। भाषा का वास्तविक गौरव तभी है, जब वह ज्ञान को सबके लिए सहज बनाए और समाज को जोड़े। इस हिन्दी दिवस पर आइए, हिन्दी को केवल सिर्फ एक दिन के रूप में ना याद करें। बल्कि, इसे बोलें, पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ाएँ साथ ही दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करें। क्योंकि भाषा में जितना स्वीकार्यता होगी, वो उतनी ही आगे बढेगी। आकाशवाणी की ओर से हिन्दी दिवस की बहुत–बहुत बधाई।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि हिंदी हमारी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और भारतीय अस्मिता की सशक्त अभिव्यक्ति है।

**********

मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज कहीं कहीं, जबकि कल कुछ स्थानों पर बारिश या गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। विभाग ने आज और कल इस अंचल में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बिजली गिरने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**********